# Mott MacDonald -भर्ती संबंधी गोपनीयता सूचना

यदि आप Mott MacDonald से जुड़ी किसी संस्था में किसी पद के लिए आवेदन कर रहे हैं या काम करने के लिए चुने गए हैं, तो यह गोपनीयता सूचना आपको यह समझने में मदद करेगी कि हम कौन सी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं, हमें इसकी आवश्यकता क्यों पड़ती है, हम इसका उपयोग कैसे करते हैं, हम इसे किसके साथ साझा करते हैं, और इस पर आपके क्या अधिकार हैं।

यहां पर व्यक्तिगत जानकारी के संग्रह और उपयोग के तरीके में कुछ स्थानों पर अंतर हो सकता है, जो स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं या Mott MacDonald के संचालन के तरीके पर निर्भर करता है। यदि ऐसी स्थिति है, तो हम आपको एक पूरक गोपनीयता सूचना में इसकी सूचना देंगे।

इस गोपनीयता सूचना को हमारी समूह नीतियों और हमारी संहिता के अनुसार तैयार किया गया है। हमने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा कानूनों के साथ हमारे अनुपालन पर नज़र रखने के लिए, जेम्स अलेक्जेंडर को गोपनीयता और डेटा सुरक्षा के समूह प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है।

विषय सूची :


01. हमारे द्वारा प्रक्रिया में लाई जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी

02. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किस तरह से एकत्र करते हैं

03. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग किस तरह से करते हैं

04. स्वचालित निर्णय प्रक्रिया

05. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी किस तरह से साझा करते हैं

06. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा किस तरह से करते हैं

07. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी अपने पास कितने समय तक रखते हैं

08. आपके गोपनीयता अधिकार और विकल्प

09. हमसे संपर्क करें

10. इस गोपनीयता सूचना में परिवर्तन

## हमारे द्वारा प्रक्रिया में लाई जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी

विषय सूची

भर्ती प्रक्रिया के दौरान (और उस प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद भी), हमें निम्नलिखित प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करने, संग्रहीत करने, एक्सेस करने, विश्लेषण करने, साझा करने या किसी अन्य तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता पड़ सकती है:

**व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी**: पूरा नाम, उपाधि, जन्म तिथि, राष्ट्रीयता, आप्रवासन स्थिति, सैन्य/अनुभवी सैनिक की स्थिति, सरकार द्वारा जारी की गई पहचान संख्या (जहां आवश्यक हो और कानून द्वारा अनुमत या अनिवार्य हो) जिसमें ड्राइविंग लाइसेंसऔर पासपोर्ट का विवरण शामिल है।

**संपर्क विवरण:** कार्य/व्यक्तिगत ईमेल पते, फ़ोन नंबर और डाक पते।

**व्यवसाय और करियर के विकास से जुड़ी जानकारी:** नौकरी का शीर्षक, किसी भी पेशेवर निकाय या संस्थान की सदस्यता, CV/रिज़्यूमे, पेशेवर प्रमाणपत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार की स्थिति, रोजगार का इतिहास, मूल्यांकन और/या परीक्षण मूल्यांकन, साक्षात्कार के नोट्स, और आवेदन से जुड़ी जानकारियाँ।

**मुआवजे और पेरोल से संबंधित जानकारी:** बैंक खाते की जानकारी (भुगतान के लिए), वांछित वेतन, वर्तमान वेतन, और मुआवजा और लाभ।

**ऑनलाइन ट्रैकिंग से जुड़ी जानकारी:** पहचान संख्या, स्थान, इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) पता, ब्राउज़िंग बिहेवियर, यूनिक डिवाइस आइडेंटिफ़ायर, वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म जहाँ से आपने आवेदन किया है (उदाहरण के लिए, आपने Indeed या LinkedIn के माध्यम से आवेदन किया है), और उपयोग की गई भाषा।

**खाता लॉगिन से जुड़ी जानकारी:** यूज़रनेम, और हमारी करियर वेबसाइट सहित सिस्टम और ऐप्लिकेशन को एक्सेस करने और/या सुरक्षित करने के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य जानकारी। जब आप हमारी करियर वेबसाइट पर जाते हैं या हमारे ऐप्लिकेशन को एक्सेस करते हैं तो हम जो व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं, उसके बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट गोपनीयता सूचना और ऑनलाइन ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी गोपनीयता सूचना को पढ़ें।

**ऑफिस विज़िटर और सर्विलांस कैमरा डेटा:** ऑफिस और प्रतिबंधित क्षेत्र तक पहुंच से संबंधित सुरक्षा कैमरे की फुटेज। जब आप व्यक्तिगत साक्षात्कार के दौरान हमारे किसी ऑफिस आते हैं, तो हम जो व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं, उसके बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वीडियो सर्विलांस और विज़िटर गोपनीयता सूचना को पढ़ें।

**स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी:** जब आपके आवेदन और/या Mott MacDonald के साथ एक साक्षात्कार को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक हो, तो उचित समायोजन और एक्सेस संबंधी आवश्यकताओं का विवरण (आपकी गतिशीलता, दृष्टि या श्रवण से संबंधित सहित)। स्वास्थ्य जानकारी विशेष रूप से संवेदनशील होती है, इसलिए हम इसे केवल तभी प्रक्रिया में लाएंगे जब ऐसा करने के लिए कोई स्पष्ट कानूनी आधार हो

**बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी**: रोजगार संदर्भ, शैक्षणिक जांच, और (जहां आवश्यक और कानून द्वारा अनुमत हो) आपराधिक दोषसिद्धि और/या कथित अपराधों के बारे में जानकारी, ड्राइविंग लाइसेंस और वित्तीय ईमानदारी की जांच के परिणाम, और राष्ट्रीय सुरक्षा सत्यापन के परिणाम। आपराधिक दोषसिद्धि और/या कथित अपराध की जानकारी विशेष रूप से संवेदनशील होती है, इसलिए हम इसे केवल तभी प्रक्रिया में लाएंगे, जब ऐसा करने के लिए कोई स्पष्ट कानूनी आधार हो

**समावेशन से संबंधित जानकारी**: (जहां आवश्यक हो और आपके निवास स्थान के क्षेत्राधिकार में कानून द्वारा अनुमति या आवश्यकता हो) नस्लीय/जातीय मूल, धार्मिक या दार्शनिक विश्वास, विकलांगता की स्थिति, यौन अभिविन्यास, जैविक लिंग, और लिंग पहचान। इस जानकारी की मदद से हम कार्यबल समावेशन और अवसर/परिणामों की समानता पर नज़र रखने में सक्षम हो पाते हैं। इसका उपयोग लागू कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए और (यदि आवश्यक हो, बिना किसी पहचान के और

समेकित रूप में) रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इस प्रकार की जानकारी विशेष रूप से संवेदनशील होती है, इसलिए हम इसे केवल तभी प्रक्रिया में लाएंगे ,जब ऐसा करने के लिए कोई स्पष्ट कानूनी आधार हो

**अन्य जानकारी:**

- आपकी इमेज (तस्वीरें और/या वीडियो)
- पसंदीदा कार्य स्थान और उससे जुड़ी रिलोकेशन संबंधी जानकारी
- आपके द्वारा दी गई वह जानकारी जिसमें आपने बताया है कि आप किन भाषाओं में बातचीत कर सकते हैं
- हमारे कार्यबल के उस सदस्य से आपका संबंध जिसने आपको हमारे पास भेजा है (उदाहरण के लिए, आप और हमारे वर्कफोर्स के सदस्य पूर्व सहयोगी रहे हों)
- ईमेल में दी गई प्रतिक्रिया, राय और जानकारी
- आपके द्वारा सीधे हमें बताई गई कोई भी रुचियां (उदाहरण के लिए, आपने यह दर्शाया हो कि आप भविष्य के रोजगार के अवसरों से संबंधित हमसे डिजिटल संचार प्राप्त करने में रुचि रखते हैं)
- आपके द्वारा हमारे साथ की गई बातचीत से अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त की गई कोई भी जानकारी (उदाहरण के लिए, जानकारी जो हम यह समझने के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग तकनीकों का उपयोग करके एकत्र कर सकते हैं कि आप हमारी करियर वेबसाइट के साथ कैसे इंटरैक्ट करते हैं)
- कोई भी अन्य जानकारी (संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी जैसे चिकित्सा स्थिति सहित) जो आप हमें स्वेच्छा से प्रदान करते हैं, भले ही भर्ती प्रक्रिया के दौरान उससे संबंधित कोई अनुरोध नहीं किया गया हो। हम अनुशंसा करते हैं कि आप इस जानकारी को साझा करने की आवश्यकता पर सावधानीपूर्वक विचार करें और केवल वही जानकारी साझा करें जो प्रासंगिक और आवश्यक हो।

यदि आप भर्ती प्रक्रिया के हिस्से के रूप में अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान नहीं करने का निर्णय लेते हैं, तो यह आपकी भाग लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है और परिणामस्वरूप आपका आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किस तरह से एकत्र करते हैं

विषय सूची

जब आप हमारी करियर वेबसाइट पर विज़िट करके हमसे सीधे संपर्क करते हैं, (उदाहरण के लिए, साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान Mott MacDonald के प्रतिनिधियों के साथ आपकी बातचीत के माध्यम से), या अन्य भर्ती चैनलों के माध्यम से संपर्क करते हैं, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी तब एकत्र करते हैं। कुछ ऐसे अवसर भी होते हैं जब हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी तृतीय पक्षों से प्राप्त करते हैं।

**व्यक्तिगत जॉब फेयर इवेंट्स और गतिविधियाँ:** जब आप किसी जॉब फेयर इवेंट्स में Mott MacDonald के प्रतिनिधि से बातचीत करते हैं तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं (उदाहरण के लिए, यदि आप हमारे साथ अपनी संपर्क जानकारी साझा करते हैं)।

**करियर से जुड़ी गतिविधियाँ (वेबसाइट, डिजिटल संचार और सोशल मीडिया)**: जब आप हमारी करियर वेबसाइट पर जाते हैं, हमारे किसी नौकरी के अवसर के लिए लॉगिन या रजिस्टर करते हैं, या जब आप हमसे डिजिटल मार्केटिंग संचार प्राप्त करने के लिए सहमत होते हैं, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करते हैं। हम आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे LinkedIn के ज़रिए आपको उन नौकरी के अवसरों से जुड़ी जानकारी भी भेज सकते हैं, जो हमें लगता है कि आपके लिए रुचिकर हो सकती है। इन संचारों को भेजने में, हम उन आपके द्वारा इन प्लेटफ़ॉर्म पर निर्धारित सभी प्राथमिकताओं का सम्मान करते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी मार्केटिंग और कार्यक्रम गोपनीयता सूचना को पढ़ें ।

**ऑनलाइन भर्ती पोर्टल:** जब आप हमारी करियर वेबसाइट और भर्ती प्रणालियों का उपयोग करके अपने आवेदन को सबमिट करते हैं तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं।

**व्यक्तिगत, टेलीफ़ोन या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साक्षात्कार:** भर्ती प्रक्रिया के दौरान, जब आप Mott MacDonald के प्रतिनिधियों के साथ किसी भी व्यक्तिगत, टेलीफ़ोन, या वीडियो कॉन्फ्रेंस साक्षात्कार में भाग लेते हैं तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं।

**डिजिटल संचार:** जब आप हमसे संपर्क करते हैं या हमारे भर्ती चैनलों के माध्यम से हमें अपने पूछताछ प्रश्नों को भेजते हैं तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं।

**तृतीय पक्ष:** तृतीय पक्ष कभी-कभार हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, यदि हमने एक उपयुक्त नौकरी उम्मीदवार खोजने में हमारी मदद करने के लिए किसी भर्ती एजेंसी के साथ; या शैक्षिक या रोजगार संदर्भ प्रदान करने वाले व्यक्तियों/संगठनों से भागीदारी की हो । हम हमेशा किसी भी तृतीय पक्ष से पुष्टि करेंगे कि आपने Mott MacDonald के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए सहमति दी है।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग किस तरह से करते हैं

विषय सूची

Mott MacDonald इस बात को निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार है कि हम आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र, एक्सेस, विश्लेषण या अन्यथा प्रकिया में लाते हैं। हम आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी मुख्य रूप से आपको नौकरी के नए अवसरों से की जानकारी देने, वर्तमान रिक्तियों के लिए आपकी उपयुक्तता का मूल्यांकन करने, जिसमें आपने रुचि व्यक्त की है, आपके साथ हमारे संबंधों कोको बनाए रखने और हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के उद्देश्यों के लिए प्रकिया में लाते हैं।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को केवल तभी उपयोगकरेंगे, जब कानून हमें ऐसा करने की अनुमति देगा। कुछ क्षेत्राधिकारों में, आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाने के लिए हम जिन कानूनी औचित्यों पर निर्भर हो सकते हैं, वे इस गोपनीयता सूचना में उल्लिखित औचित्यों से थोड़े भिन्न हो सकते हैं। यदि मामला ऐसा होता है, तो हम आपको एक पूरक गोपनीयता सूचना में भिन्नताओं के बारे में सूचित करेंगे।

जिन उद्देश्यों के लिए हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी (और इसमें शामिल व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियां) को प्रक्रिया में लाने की ज़रूरत पड़ सकती है, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

### नई प्रतिभाओं की भर्ती करना और बैकग्राउंड की जांच करना

- उम्मीदवारों की पहचान, मूल्यांकन, चयन और भर्ती करना
- Mott MacDonald में उपलब्ध करियर के अवसरों के अनुसार कौशल, योग्यता और रुचियों का मूल्यांकन करना
- साक्षात्कार और मूल्यांकन सेट अप और उन्हें आयोजित करना
- एक्सेस संबंधी आवश्यकताओं और उचित समायोजनों की पहचान करना और उनका समाधान करना
- खर्चों और प्रतिपूर्तियों का प्रबंधन करना
- बैकग्राउंड की जांच और मूल्यांकन करना
- इस बात को सत्यापित करना कि आपके पास किसी विशेष देश या क्षेत्राधिकार में काम करने की अनुमति है या नहीं
- आपके व्यवहार या कार्य प्रदर्शन की (या फिर जब भी भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में इसकी आवश्यकता हो) समीक्षा के लिए शैक्षणिक/पेशेवर संदर्भ प्राप्त करने या उन पर बातचीत करने के लिए संबंधित लोगों या संस्थानों से संपर्क करना।
- आपको संदर्भित करने वाले Mott MacDonald कर्मचारी को (जहां लागू हो) भर्ती प्रक्रिया की स्थिति के बारे में सूचित करना
- ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को शुरू करना (यदि आपका आवेदन सफल होता है)

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- मुआवजे और लाभ के बारे में जानकारी
- स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी
- बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां, प्राथमिकताएं और अन्य जानकारी

### आपके साथ हमारे संबंधों को सुचारु रूप से बरकरार रखना

- आपको उपलब्ध रिक्तियों के बारे में सूचित करना
- आपको भविष्य की रिक्तियों के बारे में आपको सूचित करना।
- आवेदन से संबंधित जानकारी प्रदान करना और आपके द्वारा किए जाने वाले किसी भी अनुरोधों को पूरा करना
- Mott MacDonald में रोजगार के उपयुक्त अवसर प्रदान करना

- आपके द्वारा किए गए पूछताछ प्रश्नों के उत्तर देना

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां, प्राथमिकताएं और अन्य जानकारी

**हमारी भर्ती और नियुक्ति प्रक्रियाओं को बेहतर बनाना**

- इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी प्रक्रियाएं निष्पक्ष हैं, लिंग और जातीयता वेतन अंतर के रुझानों की निगरानी करना (जहां कानूनन अनुमति या आवश्यकता हो)
- इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी प्रक्रियाएं निष्पक्ष हैं, समावेशन डेटा और रोजगार के रुझानों की निगरानी करना (जहां कानूनन अनुमति या आवश्यकता हो)
- आपसे प्राप्त किसी भी प्रतिक्रिया की समीक्षा और उन्हें ध्यान में रखते हुए सुधारात्मक कदम उठाना।

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- समावेशन से संबंधित जानकारी:
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां और प्राथमिकताएं

**हमारी भर्ती रणनीतियों की प्रभावशीलता को बेहतर बनाना**

- इस बात को समझना कि आप Mott MacDonald में नौकरी के लिए आवेदन कैसे किया (उदाहरण के लिए, आपने Indeed के माध्यम से आवेदन किया या आपको LinkedIn के माध्यम से नौकरी के अवसर के बारे में पता चला)
- यह समझने के लिए सांख्यिकीय रिपोर्टों की समीक्षा करना (जो हम तृतीय पक्षों से प्राप्त करते हैं) कि इन तृतीय पक्षों ने हमारे लिए कितने प्रस्तावों, नियुक्तियों और आवेदनों को प्रभावित/उत्पन्न किया है

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी (नाम)
- संपर्क विवरण (ईमेल पता)
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां और प्राथमिकताएं

**हमारी करियर वेबसाइट और मार्केटिंग सामग्री की सामग्री को बेहतर बनाना**

- ऑनलाइन ट्रैकिंग से जुड़ी जानकारी: (आपका IP पता, भौगोलिक स्थान, और ईमेल पता)
- रुचियां और प्राथमिकताएं (यदि आपके द्वारा प्रदान की गई हैं)

**कानूनी दायित्वों का पालन करना**

- सरकारी एजेंसियों, नियामक प्राधिकरणों या कानून प्रवर्तन विभागों से व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करना (इसमें सम्मन और अदालती आदेशों का पालन करना शामिल है)
- रिकॉर्ड रखना और रिपोर्टिंग दायित्व
- हमारे कानूनी अधिकारों और उपचारों का पालन करना
- Mott MacDonald की कानूनी स्थिति की बुनियाद रखना, उसे लागू करना या उसका बचाव करना
- शिकायतों और कानूनी दावों का प्रबंधन करना

- आपराधिक रिकॉर्ड जांच, ड्राइवर के लाइसेंस की जांच, और इतिहास जांच करना (यह लागू स्थानीय कानून, ग्राहक और भूमिका की आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा)
- कर संबंधी उद्देश्यों के लिए आपकी रोजगार की स्थिति निर्धारित करने के लिए मूल्यांकन करना
- इस बात को सत्यापित करना कि आपके पास किसी विशेष देश या क्षेत्राधिकार में काम करने की अनुमति है या नहीं
- लिंग और जाति के आधार पर वेतन में होने वाले अंतर पर नज़र रखना और उसे रिपोर्ट करना (जहां कानून द्वारा आवश्यक हो)
- समावेशन और समानता से जुड़े मामलों पर नज़र रखना और उसे रिपोर्ट करना (जहां कानून द्वारा आवश्यक हो)

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- मुआवजे और पेरोल से संबंधित जानकारी
- स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी
- बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी
- समावेशन से संबंधित जानकारी:

जब हम उपरोक्त उद्देश्यों के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करते हैं, तो हम आम तौर पर आपकी सहमति या कानूनी दायित्व पर भरोसा करेंगे। कुछ क्षेत्राधिकारों में, जैसे कि UK और EEA सदस्य राज्यों में, हम इस जानकारी को अपने वैध हितों के आधार पर भी संसाधित कर सकते हैं (यदि ऐसा है, तो हम आपके अधिकारों और स्वतंत्रताओं को अपने स्वयं के हितों, या किसी तृतीय पक्ष के हितों के विरुद्ध संतुलित करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपके अधिकारों का उल्लंघन न हो)।

## स्वचालित निर्णय प्रक्रिया

विषय सूची

वह प्रक्रिया है जिसमें-निर्धारित मानदंडों के आधार पर बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वचालित तरीके से निष्पक्ष निर्णय लिए जाते हैं। हम केवल कानूनन अनुमत होने पर ही स्वचालित निर्णय-प्रक्रिया का उपयोग करेंगे, उदाहरण के लिए: यह आपके और Mott MacDonald के बीच अनुबंध करने के लिए आवश्यक है; या फिर आपने इसके लिए सहमति दी हो।

जब हमें किसी पद के लिए बड़ी संख्या में आवेदकों की उम्मीद होती है, तो हम इसका उपयोग उम्मीदवारों की पात्रता का मूल्यांकन करने में मदद के लिए कर सकते हैं। यदि आपका आवेदन नौकरी के विवरण में दिए गए निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा नहीं करता है, या आप भूमिका के लिए आवश्यक मूल्यांकन पास नहीं करते हैं, तो आपका आवेदन स्वचालित रूप से अस्वीकार किया जा सकता है। कुछ भूमिकाओं के लिए विशिष्ट पूर्व-आवश्यकताएँ भी ज़रूरी हो सकती है, उदाहरण के लिए उस देश में काम करने का कानूनी अधिकार जहां वह पद है। इन आवश्यकताओं को पूरा न करने वाले आवेदनों को स्वचालित रूप से अस्वीकार किया जा सकता है।

यदि आप हमारे किसी स्नातक भर्ती कार्यक्रम में से किसी एक के लिए आवेदन करते हैं, तो हम तृतीय पक्ष के ऑनलाइन मूल्यांकन उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। हमें इन मूल्यांकन से पता चलता है कि क्या आप हमारे साथ काम करने का आनंद लेंगे और Mott MacDonald में सफल होने के लिए समग्र कौशल रखते हैं। यदि आप आवश्यक मूल्यांकन स्कोर को पूरा/पार नहीं करते हैं, तो आप प्रक्रिया में आगे नहीं जा पाएंगे। मूल्यांकन शुरू करने से पहले स्वचालित निर्णय-प्रक्रिया के उपयोग के लिए स्पष्ट रूप से सहमति (आपके मूल्यांकन स्कोर द्वारा निर्धारित परिणाम के साथ) देने के लिए अनुरोध किया जाएगा।

यदि आप हमारे स्वचालित निर्णय-प्रक्रिया के उपयोग पर आपत्ति जताते हैं या अपनी सहमति को वापस लेते हैं, तो हम उन तकनीकों का उपयोग करके आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाना बंद कर देंगे। यदि आप हमारे व्यक्तिगत अधिकार अनुरोध फॉर्म के माध्यम से अनुरोध सबमिट करके या privacy@mottmac.com पर संपर्क करके हमसे एक स्वचालित निर्णय की मैन्युअल रूप से समीक्षा करने के लिए कहते हैं, तो हम उस स्वचालित निर्णय की मैन्युअल रूप से समीक्षा करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि वह निर्णय सही था या नहीं।

कृपया ध्यान दें कि Mott MacDonald समावेशिता को महत्व देने वाला नियोक्ता है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे भर्ती से जुड़े निर्णय निष्पक्ष, भेदभाव से मुक्त हों और व्यक्तिगत कौशल और क्षमता को ध्यान में रखकर लिए जाएं। हमारे स्वचालित निर्णयों में कभी भी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग नहीं होता है, जिनके आधार पर उम्मीदवारों के विरुद्ध उनके जैविक लिंग, लिंग पहचान, जातीयता, नस्ल या धर्म के कारण भेदभाव किया जा सके।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी किस तरह से साझा करते हैं

विषय सूची

यदि ऐसा करना आवश्यक और आनुपातिक है, तो हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी इनसे साझा करनी पड़ सकती है:

**विभिन्न Mott MacDonald संस्थाएं** हमारे और आपके बीच संबंधों के प्रबंधन और हमारे व्यवसाय के संचालन में शामिल हैं।

**हमारे सेवा प्रदाता और आपूर्तिकर्ता** जो हमसे संवाद करने और हमारे भर्ती अभियानों को वितरित करने, बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और जांच करने, प्रतिभा का मूल्यांकन और उपयुक्तता परीक्षण करने, वीज़ा और वर्क परमिट आवेदनों पर प्रक्रिया करने, हमारी प्रौद्योगिकी प्रणालियों और बुनियादी ढांचे का समर्थन करने या हमारे कार्य परिसरों और सुविधाओं तक एक्सेस का प्रबंधन करने में हमारी मदद करते हैं। इनमें Docusign (इलेक्ट्रॉनिक समझौता निष्पादन उपकरण), Fortytwo Labs (साक्षात्कार निर्धारण उपकरण), Korn Ferry (प्रतिभा मूल्यांकन उपकरण) और Sterling (कार्यबल की स्क्रीनिंग और जांच) शामिल हैं।

**विश्वसनीय व्यापार भागीदार** वे हैं जो नौकरी के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को खोजने में हमारी सहायता करते हैं, हमारी भर्ती रणनीतियों की प्रभावशीलता का आकलन करने और बढ़ाने में हमारी सहायता करते हैं, और भर्ती सफलता दर में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं, जैसे कि हमें इस पर सांख्यिकीय अनाम रिपोर्ट प्रदान करना कि इन तृतीय पक्ष के व्यापार भागीदारों ने हमारे लिए कितनी नियुक्तियाँ, ऑफ़र या आवेदनों को प्रभावित /उत्पन्न किया। इनमें Handshake (USA में नौकरी बाज़ार), Indeed (जॉब बोर्ड), और LinkedIn (सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म) शामिल हैं।

**हमारे बाहरी कानूनी या अन्य पेशेवर सलाहका** भर्ती और रोजगार से जुड़े मामलों में सलाह देने, वीज़ा और वर्क परमिट विकल्पों का मूल्यांकन करने, टैक्स से जुड़ी ज़िम्मेदारियों को निर्धारित करने, और (जब आवश्यक हो) किसी भी कानूनी/बीमा दावे (या इसी तरह के अन्य दावों) की जांच करने, उनका अनुसरण करने या उनकी रक्षा करने में हमारी मदद करते हैं।

**हमारे ग्राहक और साझेदार** जब हम जिस भूमिका के लिए भर्ती कर रहे होते हैं, वह ग्राहक और/या किसी संयुक्त उद्यम साझेदार की मंज़ूरी पर निर्भर होती है।

कॉर्पोरेट पुनर्गठन की स्थिति में **व्यवसाय प्राप्तकर्ता**। उदाहरण के लिए, यदि हम कोई ऐसा लेनदेन शुरू करते हैं, या शुरू करने का इरादा रखते हैं, जिससे हमारे व्यवसाय की संरचना में बदलाव हो, जैसे कि विलय, अधिग्रहण, बिक्री, संयुक्त उद्यम, एकीकरण या हमारे व्यवसाय या संपत्ति के सभी या किसी भी हिस्से का अन्य निपटान।

**नियामक प्राधिकरण या कानून प्रवर्तन एजेंसियां** जहां संदिग्ध आपराधिक गतिविधि की रोकथाम, पता लगाने और जांच की सुविधा के लिए आवश्यक हो और यदि हमें जानकारी के लिए एक आधिकारिक अनुरोध का पालन करना पड़े (इसमें सम्मन और अदालती आदेशों का पालन करना शामिल है)।

जब हमें इन तृतीय पक्षों से आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने की आवश्यकता होती है, तो हम इसे सुरक्षित रखने के लिए अनुबंधात्मक, भौतिक और तकनीकी उपायों के संयोजन का उपयोग करते हैं।

जब आपकी व्यक्तिगत जानकारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थानांतरित की जाती है, तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि पर्याप्त और संतुलित सुरक्षा उपाय लागू हों और आपकी गोपनीयता और डेटा सुरक्षा अधिकारों की रक्षा की जाए। इसका कारण यह है कि कुछ देशों में स्थानीय कानूनों के तहत आपके पास अपने निवास के देश की तुलना में कम अधिकार हो सकते हैं।

उन सुरक्षा उपायों में सामान्य रूप से डेटा एन्क्रिप्शन, भूमिका-आधारित पहुंच से संबंधित अनुमतियां और कानूनी समझौते शामिल होंगे जो व्यक्तिगत जानकारी के वैध सीमा-पार हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी समूह नीतियों को पढ़ें।

कृपया ध्यान दें कि हम किसी भी उद्देश्य के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किसी तृतीय पक्ष को कभी नहीं बेचेंगे।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा किस तरह से करते हैं

विषय सूची

हम सुरक्षा उपायों को बरकरार रखने और सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं जो व्यक्तिगत जानकारी को अनजाने में खो जाने, उपयोग किए जाने, या अनधिकृत तरीके से एक्सेस किए जाने, बदले जाने या प्रकट होने से रोकते हैं। हम केवल उन्हीं व्यक्तियों और संस्थाओं को व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच का अधिकार देते हैं, जिनके पास पहुंच का कानूनी अधिकार है (उदाहरण के लिए, नियामक प्राधिकरण या कानून प्रवर्तन एजेंसियां), या जानने की एक वैध व्यावसायिक आवश्यकता है (उदाहरण के लिए, भर्ती विशेषज्ञ, भर्ती प्रबंधक, और सेवा प्रदाता)। हमारे सेवा प्रदाता और आपूर्तिकर्ता केवल हमारे निर्देशों के अनुसार व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाएंगे और हम यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी तृतीय पक्ष गोपनीयता के कानूनी कर्तव्य के अधीन हैं।

Mott MacDonald के उन सभी लोगों के लिए जिन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करते समय आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंचने की आवश्यकता हो सकती है, उन्हें वार्षिक आधार पर गोपनीयता और डेटा सुरक्षा प्रशिक्षण, तथा सूचना सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी समूह नीतियों को भी पढ़ें।

# हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी अपने पास कितने समय तक रखते हैं

विषय सूची

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को केवल इस गोपनीयता सूचना में निर्धारित उद्देश्यों के लिए यथोचित रूप से आवश्यक होने तक ही अपने पास रखेंगे। उन रखरखाव अवधियों की समय-सीमा तय करते हैं, तो हम ध्यान में रखते हैं:

- क्या हमें आपके प्रश्नों का उत्तर देने या आपके साथ जारी संबंधों का प्रबंधन करने के लिए इसकी आवश्यकता हो सकती है? उदाहरण के लिए, आपको भविष्य में नौकरी के नए अवसरों के बारे में सूचित करना।
- क्या हमें समावेशन और रोजगार के रुझानों पर निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए इसकी आवश्यकता है, ताकि हम यह साबित कर सकें कि हमारी भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष हैं?
- हमें अपने कानूनी या नियामक दायित्वों का पालन करने के लिए जानकारी को कितने समय तक अपने पास रखना पड़ सकता है? उदाहरण के लिए: बाहरी कर, आप्रवासन, या वित्तीय ऑडिट के लिए आवश्यक साक्ष्य; किसी विशेष कानून में किसी विशिष्ट प्रावधान का पालन करने के लिए; या किसी कानूनी दावे या नियामक जांच का जवाब देने के लिए।
- क्या हमें इसे किसी अन्य वैध उद्देश्य के लिए रखना ज़रूरी है, उदाहरण के लिए, व्यक्तियों या हमारे व्यवसाय को नुकसान से बचाने के लिए; या यह हमारे कानूनी अधिकारों, संपत्ति, या परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए ज़रूरी है?

कुछ मामलों में, और विशिष्ट कारणों से, हम जानकारी को लंबे समय तक संभाल कर रखेंगे। जब आपकी व्यक्तिगत जानकारी हटाई या नष्ट की जाती है, तो हम इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि इसे किसी भी स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार सुरक्षित और स्थायी रूप से निपटाया जाए।

## आपके गोपनीयता अधिकार और विकल्प

विषय सूची

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी से जुड़े अधिकारों का सम्मान करते हैं, , जो नीचे दिए गए हैं:

- आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक **पहुँच का अधिकार**। यह आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी की एक प्रति का अनुरोध करने और यह जांचने में सक्षम बनाता है कि हम इसे कानूनी रूप से प्रक्रिया में ला रहे हैं।
- हमारे पास आपके बारे में मौजूद व्यक्तिगत जानकारी में **सुधार कराने का अधिकार**। यह आपको किसी भी अधूरी या गलत व्यक्तिगत जानकारी में बदलाव या अपडेट करने के लिए कहने में सक्षम बनाता है।
- आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी को **मिटाने के लिए अनुरोध करने का अधिकार** । यह आपको व्यक्तिगत जानकारी को हटाने या मिटाने के लिए कहने में सक्षम बनाता है जहां हमारे लिए इसे प्रक्रिया में लाते रहने का कोई वैध कारण नहीं है।
- यदि आपको लगता है कि हमारे पास आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाने का कोई वैध कारण नहीं है और आप चाहते हैं कि हम इसे प्रक्रिया में लाना बंद कर दें, तो आपके पास इसके उपयोग पर **आपत्ति जताने का अधिकार** है।
- आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी को आगेउपयोग किए जाने पर **प्रतिबंध लगाने का अधिकार** है। यह आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग को सीमित करने या निलंबित करने के लिए कहने में सक्षम बनाता है (उदाहरण के लिए, यदि आप चाहते हैं कि हम इसकी सटीकता या इसे प्रक्रिया में लाने के कारण की पुष्टि करें)।
- आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किसी अन्य पक्ष को **ट्रांसफ़र करने का अधिकार**। आप हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अन्य संगठन को भेजने/पोर्ट करने के लिए कह सकते हैं।
- जब आपकी व्यक्तिगत जानकारी आपकी सहमति सेप्रक्रिया में लाई जा रही हो, तो आप किसी भी समय **सहमति वापस लेने का अधिकार** रखते हैं। यह अधिकार लागू नहीं हो सकता है यदि प्रक्रिया को जारी रखने के लिए अन्य कानूनी आधार मौजूद हों या हमें लागू कानून के तहत आवश्यक या अनुमत होने पर कुछ व्यक्तिगत जानकारी बनाए रखना ज़रूरी हो। जैसे ही आप सहमति वापस लेने की इच्छा जताएंगे, तो इसके परिणाम आपको स्पष्ट रूप से बताए जाएंगे।

आप या आपका अधिकृत प्रतिनिधि इन अधिकारों का प्रयोग हमारे व्यक्तिगत अधिकार अनुरोध फ़ॉर्म के माध्यम से अनुरोध सबमिट करके या privacy@mottmac.com पर संपर्क करके कर सकते हैं। यदि आप कैलिफ़ोर्निया के निवासी हैं, तो आप हमसे 1-800-832-3272 पर संपर्क करके भी अनुरोध भेज सकते हैं। कुछ ऐसे मौके हो सकते हैं, जब हमें आपके अनुरोध का उत्तर देने से पहले आपकी पहचान सत्यापित करने के लिए आपसे व्यक्तिगत जानकारी, जैसे आपका नाम और संपर्क विवरण, एकत्र करने की आवश्यकता हो।

यदि आपने किसी और को अपनी ओर से अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए कहा है और वह नामित व्यक्ति ऐसा करने के लिए अपने अधिकार का लिखित प्रमाण प्रदान नहीं करता है (उदाहरण के लिए, एक पावर ऑफ अटॉर्नी या आपके हस्ताक्षर वाला अधिकार पत्र), तो हम उनके अनुरोध पर प्रक्रिया या उस पर कार्रवाई नहीं कर पाएंगे।

यदि आप ऊपर दिए गए अपने किसी भी अधिकार का प्रयोग करना चुनते हैं, तो हम आपके साथ निष्पक्ष रूप से और गैर-भेदभावपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आपको किसी भी लागू वैधानिक समय सीमा के भीतर जवाब देंगे (उदाहरण के लिए, UK और EEA में हम आपका अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से एक महीने के अन्दर ही आपको जवाब देंगे; और कैलिफ़ोर्निया में हम आपके अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से पैंतालीस दिनों के अन्दर ही आपको जवाब देंगे)। यदि इस समय सीमा को बढ़ाने का कोई कानूनी कारण है, तो हम आपको जल्द से जल्द सूचित करेंगे।

कृपया ध्यान दें कि आप अपने अधिकारों का प्रयोग किस सीमा तक कर सकते हैं, यह दूसरों के अधिकारों और हितों या कानूनी दायित्व (उदाहरण के लिए, जहां हम अपने नियामक दायित्वों के कारण आपकी सभी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने में असमर्थ हैं) द्वारा सीमित हो सकता है। यदि ऐसा है, तो हम आपको जल्द से जल्द सूचित करेंगे।

## हमसे संपर्क करें

विषय सूची

यदि आपको इस बारे में चिंता है कि Mott MacDonald आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किस प्रकार से प्रक्रिया में लाता है, या आप अपने गोपनीयता अधिकारों का प्रयोग करना चाहते हैं, तो कृपया हमारा व्यक्तिगत अधिकार अनुरोध फॉर्म भरें या privacy@mottmac.com पर संपर्क करें। यदि आप सिंगापुर में रहते हैं, तो आप 6293 1900 पर कॉल करके भी हमसे संपर्क कर सकते हैं।

यदि आप कोई चिंता को जाहिर करने या सूचना अधिकार अनुरोध सबमिट करने के बाद हमारी प्रतिक्रिया से नाखुश हैं, तो आप उस देश, राज्य या प्रांत में गोपनीयता और डेटा सुरक्षा नियामक के पास सीधे शिकायत दर्ज कर सकते हैं जहां आप रहते हैं। यदि आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि आपके क्षेत्राधिकार में गोपनीयता और डेटा सुरक्षा के अनुपालन की निगरानी कौन-सी नियामक संस्था करती है, तो कृपया संबंधित संपर्क विवरण का अनुरोध करने के लिए privacy@mottmac.com पर संपर्क करें।

## इस गोपनीयता सूचना में परिवर्तन

विषय सूची

यह गोपनीयता सूचना जुलाई मार्च 2026 में जारी की गई थी और हमारी प्रणालियों और प्रक्रियाओं या कानून में बदलाव के कारण इसे अपडेट करना पड़ सकता है, इसलिए हम अनुशंसा करते हैं कि आप समय-समय पर इस सूचना की समीक्षा करें। यदि परिवर्तन आपके गोपनीयता अधिकारों को गंभीरता से प्रभावित करते हैं, तो हम आपको सूचित करने का प्रयास करेंगे और लागू कानून के अनुसार आवश्यक अन्य कदम उठाएंगे।

**कैलिफ़ोर्निया के निवासी**

यदि आप कैलिफ़ोर्निया राज्य के निवासी हैं, तो कृपया हमारी कैलिफ़ोर्निया पूरक भर्ती गोपनीयता सूचना को पढ़ें ताकि आप जान सकें कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे एकत्र करते हैं और उसका उपयोग कैसे करते हैं, साथ ही कैलिफ़ोर्निया निवासी के रूप में आपके गोपनीयता अधिकार क्या हैं।